सार-समाचार

शिविर में पात्र को पट्टा मिला

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ तहसील के गांव मेलूसर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ने ग्रामीणों के लिए राहत का केंद्र बनकर प्रशासन की संवेदनशीलता को उजागर किया। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना गया और कई मामलों का मौके पर ही त्वरित समाधान किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रशासक सुनीता कंवर ने की, जबकि प्रतिनिधि महावीर सिंह राठौड की विशेष उपस्थिति रही। कैंप प्रभारी सहायक विकास अधिकारी लक्ष्मीनारायण सैनी के निर्देशन में आयोजित शिविर का निरीक्षण सहायक विकास अधिकारी दिलीप कुमार सोनी ने किया। आबादी भूमि के पट्टा प्रकरणों पर तत्परता दिखाते हुए ग्राम विकास अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए, जिसके परिणामस्वरूप पात्र लाभार्थी जगदीश मेघवाल को मौके पर ही पट्टा प्रदान किया गया, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली।तहसीलदार पूजा पारीक की उपस्थिति में राजस्व, पंचायत एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं पर त्वरित निर्णय लिए गए। शिविर में ग्राम विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह कर्णावत, हिम्मत सिंह, नंदूसिंह राठौड़, विमल विश्नोई, कनिष्ठ सहायक जगदीश मेघवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। बीएलओ अटल बिहारी शर्मा एवं वार्ड पंच रोहित शर्मा ने भी शिविर की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। ग्राम विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह कर्णावत ने कहा कि पंचायत स्तर पर आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सही जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने से कार्यों का शीघ्र निस्तारण संभव है।

उज्ज्वला लाभार्थियों को गैस चूल्हा किट वितरित किये

सीकर, (निसं)। वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर, सीकर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा एवं जिला पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत द्वारा विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। जिला रसद अधिकारी विजेन्द्रपाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल पर उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 07 लाभार्थियों को गैस चूल्हा किट वितरित की गई। इस अवसर पर बीपीसीएल के सेल्स ऑफिसर रिजवान डार ने जानकारी देते हुए बताया कि उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत आज तिथि तक सीकर जिले में कुल 1354 घरेलू गैस कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। रिजवान डार द्वारा प्रदर्शनी में उपस्थित आमजन को घरेलू गैस चूल्हे के सुरक्षित उपयोग एवं आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं जिला रसद अधिकारी विजेन्द्रपाल ने गिव-अप अभियान, खाद्य सुरक्षा योजना तथा मुख्यमंत्री गैस सब्सिडी योजना के संबंध में उपस्थित दर्शकों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में प्रवर्तन अधिकारी जयराम गुर्जर, प्रवर्तन निरीक्षक सुनीता चौधरी एवं शिव गैस एजेंसी के प्रतिनिधि संपत सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिविर आयोजित

राजलदेसर (निसं)। वर्तमान सरकार के 02 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित शहरी समस्या शिविर 2025 के अंतर्गत दिनांक 16 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक शिविर के सफल संचालन के संबंध में पालिका परिसर में ही अभियान के तहत् पालिका परिसर में ही पालिका क्षेत्र के वार्ड नं. 06 से 10 के लिए पालिका के अधिशाषी अधिकारी कुंदन देथा के निर्देशन में शहरी समस्या शिविर 2025 कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में वार्ड 06 से 10 के वासियों की समस्याओं का हल किया गया। कृषि भूमि का 01, 69-क का 01 आवेदन, जन्म के 5, मृत्यु प्रमाण पत्र के 03, प्रधानमंत्री आवास योजना के 02 आवेदनो का निस्तारण, पेंशन योजना के 03, जन आधार 15 आवेदन, आधार सीडिंग के 10 आवेदन, स्ट्रीट लाईट 15 साफ-सफाई के 2 आवेदनो का निस्तारण किया गया तथा पी.एम. स्वनिधि के 02, आवेदनों का निस्तारण किया गया इस दौरान पालिका के फायरमैन हुकुम सिंह, फायरमैन अर्जुन सिंह एसबीएम के दिलीप सोलंकी एमआइएस इंजिनियर, श्री चन्दन सिंह बारी, सुश्री पायल नाई, महेन्द्र कुमार भार्गव, प्रेमरतन, लोकेश शर्मा, निर्मल, जसवन्त कुमार, राजकुमार, मनोज कुमार, महिपाल इस कैम्प में उपस्थित रहे।

युवाओं में बढ़ती नशाखोरी पर व्याख्यान

झुंझुनूं, (निसं)। राजकीय एनएमटी कन्या महाविद्यालय में बुधवार को नई किरण नशा मुक्ति अभियान व राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं में बढ़ती नशाखोरी प्रवृत्ति विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनोचिकित्सक एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ डॉ. पीएल भालोठिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं को नशे एवं सोशल मीडिया की लत से दूर रहने की सलाह दी तथा नशामुक्त जीवन अपनाकर शिक्षा एवं खेल के माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का आ ान किया। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. रघुराज सिंगोदिया ने तंबाकू, बीड़ी एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए उनसे दूर रहने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सिद्धि जोशी ने की। उन्होंने छात्राओं को योग एवं ध्यान के महत्व से अवगत कराते हुए मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए इनके नियमित अभ्यास की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का मंच संचालन सुनिता बाबल द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम संयोजक कल्पना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जगदीश कुमार सहित महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर 21 को

राजलदेसर (निसं)। लिलड़िया परिवार की ओर से एवं केसरी सेवा समिति, गोगा कमेटी सेवा संस्थान रक्त वीर ब्लड डोनेशन कॉल सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्गीय आशीष कुमार मारू (लिलडिया) की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर 21 दिसंबर को गोगा भवन में आयोजित किया जाएगा जिसको लेकर गोगा भवन में फोल्डर का विमोचन किया गया जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हरिया देवी मारू, हनुमान मल नाई, सामाजिक कार्यकर्ता पवन झेंडू, सरवन नाई, पन्नालाल, दिनेश कुमार, रामदेव, अभिषेक सोनी, प्रमोद कुमार,पारस, रोहित, पवन रामदेव, रोहित, शुभम ,कमल, शंकर आदि के द्वारा फोल्डर का विमोचन किया गया शिविर को लेकर जगह-जगह प्रचार प्रसार हेतु बैनर लगाए जा रहे हैं शिविर के आयोजक पवन झेंडू, दिनेश कुमार लिलड़िया ने बताया अधिक से अधिक रक्तदान करके जिस किसी को रक्त की जरूरत है उसकी जान बचाई जा सकती है।

यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार हेतु रैली आयोजित

बिसाऊ (निसं)। बिसाऊ बृजेश ज्योति उपाध्याय आई.पी.एस पुलिस अधीक्षक जिला झुन्झुनू के निर्देशन, देवेन्द्र सिंह राजावत आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जिला झुन्झुनू के मार्गदर्शन व श्री हरिसिंह धायल आरपीएस वृताधिकारी वृत झुन्झुनू ग्रामीण के सुपरविजन में आईसी थाना इन्द्राज सिंह सउनि. व थाना स्टाफ द्वारा आज दिनांक 17.12.2025 को भागीरथ फाउण्डेशन संचालक भागीरथ सिंह व राजस्थान स्कूल के बच्चों के साथ बाईपास कस्बा बिसाऊ से गांधी चौक कस्बा बिसाऊ तक यातायात नियमों की जानकारी के संबंध में बैनर प्रदर्शित कर रैली का आयोजन किया जाकर विद्यार्थियों तथा वाहन चालकों को हेलमेट व सीटबेल्ट पहनने, गतिसीमा का ध्यान रखने, सही दिशा में वाहन चलाने तथा मोबाइल फोन का उपयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, खतरनाक ड्राईविंग व अंडर-एज ड्राईविंग पर रोक लगाने के संबंध में समझाईश की गई।

बाल विवाह रोकथाम को लेकर महिलाओं को शपथ दिलाई

राजलदेसर (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग एवं तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान को सेक्टर राजलदेसर में महिला पर्यवेक्षक कंचन शर्मा द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु महिलाओं को शपथ दिलवाई गई उपस्थित महिलाओं को अपने घर परिवार एवं समाज में बाल विवाह नहीं करने हेतु प्रेरित किया गया एवं यदि कहीं की सूचना मिले तो बाल विवाह रुकवाने एवं विभाग में सूचना देने को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुशीला,चंपा, किरण, विमला, मनीषा, सरोज, मंजू,किरण सहित कई महिलाएं रही।

इंसानियत एकता समिति का रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान का शुभारंभ

चूरू (निसं)। स्थानीय भाईजी चौक स्थित राणाजी के नोहरे में इंसानियत एकता सेवा समिति की ओर से समिति व्यवस्थापक इंजीनियर जाफर खान के नेतृत्व में रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति वरिष्ठ उपाध्यक्ष महमूद अली राणा ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच डॉ. अयूब खान सेहला थे। इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित कर उन्हें सर्दी से बचाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत शीतकालीन सत्र में चूरू सहित पूरे शेखावाटी क्षेत्र में फुटपाथ व सार्वजनिक स्थानों पर रहने वाले और कच्ची बस्तियों में रहने वाले असहाय व जरूरतमंद लोगों को कम्बल व ऊनी वस्त्र वितरित किए जाएंगे। समिति कोषाध्यक्ष रियाज अहमद खान ने बताया कि अभियान के तहत 400 कम्बल वितरित की जायेगी।

इस दौरान समिति के मीडिया प्रभारी मोहम्मद अली पठान, निदेशक सदस्य अयूब खान, सहायक सचिव डॉ. शाहरुख खान, संरक्षक सदस्य आमीन खान, इमरान खान, अजीज खान, डॉ. इदरीस खान गौड़, डॉ. अख्तर खान, नौशाद खान, हाजी जोरावर खान, आवेश कुरैशी, सुलेमान मणियार, मो. अली खान, सलीम खान, सलमान खान, असलम खान, गफ्फार खान, मोहम्मद राशिद, एडवोकेट इब्राहीम गौरी, गुलाम हुसैन गौरी, मो. रफीक राजगढ़िया, दानिश पठान, मौलवी अब्दुल्लाह खान, प्र.अ. अशफाक खान, महबूब खान, साबिर खान, रहमान खान, परवेज खान, बिलाल खान, यूसुफ खान, साजिद खान, हमीद खान, अलादीन खान, सोयल खान, जाकिर अली खान, अबरार खान, शमशाद खान, खान खान, आसिफ शेख, आसिफ लोहार आदि मौजूद थे। समिति उपाध्यक्ष वसीम अली ने सभी का आभार व्यक्त किया।

चूरू रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान का शुभारम्भ किया गया।

कृषि महाविद्यालय के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : सहारण

चूरू (निसं)। राजकीय कृषि महाविद्यालय के सत्र 2025-26 में प्रथम काउंसलिंग में 55 सीटें आवंटित की गई थी। जिसमें से 53 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। लोहिया महाविद्यालय में बुधवार को प्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारम्भ कार्यक्रम विधायक हरलाल सहारण के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक सहारण ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कृषि महाविद्यालय के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। महाविद्यालय का भवन लगभग तैयार हो गया है तथा जल्द ही इसको चारों ओर से सड़क से जोड़ दिया जाएगा। महाविद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विधायक कोटे से किताबें खरीदने की घोषणा विधायक सहारण ने की। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अरविन्द शर्मा ने कहा कि कृषि महाविद्यालय ने बहुत तेजी से विकास किया है। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार बुडानिया ने पिछले एक वर्ष के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया। प्रो. सुमेर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के भंवरलाल, संदीप सहित अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।

राजकीय कृषि महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ।

रतनगढ़ जिला अस्पताल में मनमानी परामर्श फीस वसूलने का आरोप

■ मुफ्त इलाज के नियमों की अनदेखी, मरीजों से वसूली का मामला गर्माया

रतनगढ़ (निसं)। राजकीय जिला अस्पताल रतनगढ़ में चिकित्सकों द्वारा नियमों के विपरीत परामर्श शुल्क वसूले जाने के आरोपों को लेकर नागरिकों का आक्रोश सामने आया है। इस संबंध में आमजन की ओर से जिला कलेक्टर चूरू को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल में कथित अनियमितताओं पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि राज्य सरकार द्वारा जिला अस्पतालों में नि:शुल्क अथवा निर्धारित शुल्क पर उपचार की व्यवस्था होने के बावजूद रतनगढ़ जिला अस्पताल में कुछ चिकित्सक मरीजों से मनमर्जी से 200 रुपये तक परामर्श शुल्क वसूल रहे हैं।

इस शुल्क की न तो मरीजों को रसीद दी जा रही है और न ही निर्धारित नियमों का पालन किया जा रहा है, जिससे आमजन को आर्थिक व मानसिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा डॉक्टरों की योग्यता के अनुसार तय परामर्श शुल्क की सूची न तो चिकित्सकों के सरकारी आवासों और नेम प्लेट के पास प्रदर्शित की गई है और न ही इसकी जानकारी मरीजों को दी जा रही है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि जब इस संबंध में अधिकारियों से शिकायत की गई तो जांच के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई। नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ चिकित्सक अपने सरकारी आवासों पर निजी रूप से मरीजों को बैठाकर इलाज कर रहे हैं तथा उन्हें निजी लैब, मेडिकल स्टोर एवं ऑप्टिकल उपकरणों की ओर भेजा जा रहा है, जो सरकारी नियमों के खिलाफ है। वहीं शहर में संचालित कई डायग्नोस्टिक सेंटर बिना पंजीकरण और मापदंडों के संचालित हो रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में खींवराज पुरोहित, सुभाष कम्मा, भंवरलाल चौधरी, राकेश, रामचंद्र शर्मा, गिगराज, विशाल स्वामी, आफिद खान, देवी सिंह, आत्माराम सहित अन्य नागरिकों के हस्ताक्षर दर्ज हैं। सभी ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आमजन को राहत दिलाने की मांग की है।

ब्राह्मण महासभा की महिला इकाई ने डाबला में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किये

छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए।

चूरू (निसं)। निकटवर्ती ग्राम डाबला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में छ: न्याति ब्राह्मण महासभा जिला महिला इकाई की ओर से बुधवार को कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं को सर्दी को मध्य नजर रखते हुए स्वेटर वितरित किए गए। व्याख्याता सोमेश शर्मा ने बताया कि जगदीश शर्मा की प्रेरणा से छ: न्याति ब्राह्मण महिला इकाई की जिलाध्यक्ष दीपिका शर्मा, संरक्षक आनंद बाला दुबे, उपाध्यक्ष ममता जोशी, कोषाध्यक्ष सरिता इंदौरिया, प्रीति दाधीच, मंगलदत प्रजापत के आतिथ्य में स्वेटर वितरित किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य हंसा शर्मा ने की। दीपिका शर्मा ने छ: न्याति ब्राह्मण महासभा द्वारा किये जा रहे सेवा कार्य की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य शर्मा ने महासभा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दलीप मीणा, राजेंद्र शर्मा, सुरेश फगेडिया, विनोद कुमार, सुमित्रा जांगिड, शारदा गुर्जर, निर्मला प्रजापत, लाजवंती मुद्गल, संतोष रणवां, मंजू, परमेश्वर लाल ने आयोजकीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के प्रदेश उपाध्यक्ष भंवरलाल कस्वां ने किया।

किसान उन्नत किस्म के बाजरे की बुवाई करें, जिससे उत्पादन में वृद्धि हो सके : सहारण

चूरू (निसं)। कृषि उपज मण्डी में उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक कार्यालय स्थित आत्मा सभागार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन-पौष्टिक अनाज योजनान्तर्गत बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि किसान बाजरें की उन्नत किस्मों की बुवाई करें, जिससे अधिक उत्पादन हो सके और बाजरें की एमएसपी बढ़ाने पर चर्चा की गयी, इससे किसानों को बाजरे की फसल का उचित मूल्य मिल सके और बाजरा उत्पादन में वृद्धि हो सके। संयुक्त निदेशक कैलाश चन्द्र ने बताया कि बाजरें में बहुत सारे न्यूट्रेन्ट पाये जाते हैं, जो शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते है। अत: हमें बाजरा किसी न किसी रूप में खाना चाहिये। सहायक निदेशक कुलदीप शर्मा ने बताया कि मोटा अनाज बाजरे को श्रीअन्न नाम दिया गया।

उन्होंने किसानों को बाजरे की फसल का क्षेत्रफल एवं उत्पादन बढ़ाने के बारे में जानकारी दी। डॉ. मुकेश शर्मा ने किसानों को बाजरे में लगने वाली व्याधि नियंत्रण के बारे में बताया। एसएमएस (एग्रोनोमी) केवीके सरदारशहर के हरीश कुमार ने बाजरे की उन्नत क्रियाओं के बारे में बताया। वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ. सूरजकरण चौधरी ने बाजरे की फसल में कीट नियंत्रण के बारे में किसानों को जानकारी दी। एआरओ पवन कुमार ने बाजरे में न्यूट्रेंट प्रबंधन की जानकारी दी।

कार्यशाला में उद्यान विभाग उपनिदेशक डॉ. धर्मवीर, कृषि सहायक निदेशक संगीता मीणा, कृषि अधिकारी विजय पूरी, कृषि अधिकारी (प्रशिक्षण) डॉ. विपिन भादु, कृषि अधिकारी (फसल) पूनम सहित समस्त सहायक कृषि अधिकारी व कृषि पर्यवेक्षक और चूरू ब्लॉक के प्रगतिशील कृषक व कृषक सखी उपस्थित थे।

कृषि उपज मण्डी में उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक कार्यालय स्थित आत्मा सभागार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन-पौष्टिक अनाज योजनान्तर्गत कार्यशाला आयोजित हुई।

शिव पार्वती विवाह पर झूमे श्रद्धालु

झुंझुनूं, (निसं)। स्थानीय कारूंडिया रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा में बुधवार को शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग का कथा व्यास दीपक शुक्ला ने बहुत सुंदर वर्णन किया। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ की मनमोहक झांकी के साथ भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी गई। शिवजी की बारात में सभी श्रद्धालु झूमने लगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला शक्ति और गणमान्य लोग शामिल हुए। जिनमें नवल जांगिड, दिनेश, सज्जन शर्मा, जयसिंह, विजय सिंह, रामावतार शुक्ला, महेश, संजय वर्मा, काशीप्रसाद, विनोद, चंद्रभान सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।

झुंझुनूं में एमपीएल सीजन एक का शुभारंभ

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय पर बुधवार से क्रिकेट फीवर शुरू हो गया है। जी, हां मारवाडी युवा मंच की ओर से आईपीएल की तर्ज पर पहली बार झुंझुनूं में मारवाडी प्रीमियर लीग, यानि कि एमपीएल सीजन एक का आगाज किया गया है।

समसपुर रोड पर स्थित मोदी वर्ल्ड स्कूल विज्डम सिटी के क्रिकेट ग्राउंड में इस प्रतियोगिता का शुभारंभ स्टेट जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर उमेश जालान, अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड, सुनिल पाटोदिया फाउंडेशन के प्रतिनिधि उद्योगपति प्रदीप पाटोदिया, जीवेम एजुकेशन ग्रुप के संस्थापक चेयरमैन व शिक्षाविद् डॉ. दिलीप मोदी, श्रीश्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष आनंद टीबडा आदि के आतिथ्य में किया गया।

पेंशनरों का सम्मान किया

चूरू (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा-चूरू की ओर से पेंशनर कल्याण केंद्र में राष्ट्रीय पेंशनर दिवस बुधवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में पेंशनरों को सर्वोच्च न्यायालय की ओर से संवैधानिक अधिकार दिलाने वाले स्व. डी. एस. नकारा के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और साहित्य, संगीत और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पेंशनरों का शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बिरजू सिंह राठौड़ ने बताया कि आज ही के दिन वर्ष 1982 में सर्वाच्च न्यायालय में सेवानिवृत्त अधिकारी डी.एस. नकारा बनाम भारत सरकार के मामले में पेंशनरों के हक में फैसला देते हुए कहा था कि सेवानिवृत्त कार्मिकों को पेंशन भुगतान करना सरकार का दायित्व है और यह पेंशनरों का संवैधानिक अधिकार है।

वाहन रजिस्ट्रेशन सूचना

यह कि बलबीर पुत्र अमीलाल जाति जाट निवासी ढाणी खुडानी तहसील राजगढ जिला चूरू हमारे पिता थे, जिनका स्वर्गवास दिनांक 31.01.2024 को हो गया है। हमारे स्व. पिता के नाम से वाहन ट्रक रजि. संख्या RJ 10 GB 1118 जिला परिवहन कार्यालय चूरू में रजिस्टर्ड है। यह कि उक्त वाहन ट्रक को अब हमारे पिता का स्वर्गवास हो जाने के बाद हम हमारी माता मायापति पत्नी बलबीर जाति जाट निवासी ढाणी खुडानी तहसील राजगढ जिला चूरू के पंजिकरण करवाना चाहते है, जिसमे हम हमारी सहमति प्रदान करते है हमारे परिवार के किसी भी सदस्य को कोई आपत्ति एतराज नहीं है, यदि किसी को कोई आपत्ति एतराज होगा तो वह 07 दिवस के अन्दर-अन्दर परिवहन कार्यालय चूरू में आपत्ति दर्ज करा सकेगा। हम स्व. बलबीर के वैधानिक उत्तराधिकारिणी / कानूनी वारिस है। शपथग्रहिता-अजमेर पुत्र स्व. बलबीर, मोनिका पुत्री स्व. बलबीर जाति जाट निवासी ढाणी खुडानी तहसील राजगढ जिला चूरू

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 07.01.2026 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या:** 249, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, सादुलपुर के अधीन सादुलपुर उपमंडल पर विभिन्न लोकेशनों पर पीने के पानी की आपूर्ति करना। (दो वर्षों के लिए) **अनुमानित लागत मूल्य:** ₹ 5085769.14/- **धरोहर राशि:** ₹101700.00/- **नोट:** अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 1627-DK/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-II/TRUST/2025/162 चूंकि प्रार्थी श्री AKSHAT GOYAL BADHALIA, A-4, ALAKNANDA, CHITRANJAN MARG, C-SCHEME, JAIPUR-302001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास विनोबा सोसायटी VIDYA NIKETAN OLD BOYS ASSOCIATION, BIRLA PUBLIC SCHOOL, PILANI -333031 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा पूदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 10.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 20.02.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-द्वितीय

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-II/TRUST/2025/1132 चूंकि प्रार्थी श्री VIJAY SINGH, NEAR TEMPLE, ROOP NAGAR, JHUNJHUNJU-333704 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास शहीद विद्याधर सीगडा मेमोरियल ट्रस्ट VILLAGE- SIGRA, ROOPNAGAR, MANDAVA, JHUNJHUNJU-333704 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा पूदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 08.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 18.02.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-द्वितीय

न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश महोदय क्रम सं. 01. राजगढ़ जिला चूरू

प्रार्थना पत्र सं. CM(N) 10 सन 2025

1. धर्मा देवी पत्नी स्व. हरचन्द राम उम्र 75 साल जाति जाट निवासी रतनपुरा तहसील राजगढ जिला चूरू मो. नं. 9057077740, 2. निशा उम्र 16 साल, 3. अर्चना उम्र 15 साल पुत्रियां स्व. राजेन्द्र सिंह नाबालिगान जरिये कुदरती वली दादी धर्मा पत्नी स्व. हरचन्द राम जाति जाट निवासी रतनपुरा तहसील राजगढ जिला चूरू

बनाम

-प्रार्थी-नीगण

सर्वसाधारण आम व खास -अप्रार्थी

सुनिल कुमार पुत्र हरचन्द राम जाति जाट निवासी रतनपुरा तहसील राजगढ जिला चूरू -गौण अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण धर्मा देवी पत्नी स्व. हरचन्द राम उम्र 75 साल, निशा उम्र 16 साल, अर्चना उम्र 15 साल पुत्रियां स्व. राजेन्द्र सिंह नाबालिगान जरिये कुदरती वली दादी धर्मा पत्नी स्व. हरचन्द राम जाति जाट निवासी रतनपुरा तहसील राजगढ जिला चूरू ने उपरोक्त अनुवानी प्रार्थना पत्र न्यायालय मे इस आशय का पेश किया कि प्रार्थीनी सं. 02 व 03 के पिता राजेन्द्र सिंह व उनकी माता सुनिता की दिनांक 12.05.2020 को सड़क दुर्घटना मे मृत्यु हो चुकी है। मृतक राजेन्द्र सिंह अपनी मृत्यु के समय भारतीय सेना मे कार्यरत था जिसके आर्मी नं. 14658419 के यूनिट कोर जोनल वर्कशॉप मार्फत 56 ए पी ओ है। प्रार्थीनी सं. 02 व 03 मृतक राजेन्द्र सिंह की पुत्रियां है। जिनको सेना से पेन्शन, ग्रैच्यूटी आदि मिलनी है परन्तु वे नाबालिग है और सेना द्वारा उनका संरक्षक नियुक्त कर संयुक्त बैंक खाता खुलवाया जाकर ही प्रार्थीनी सं. 02 व 03 को सभी प्रकार के परिलाभ दिया जाना तय किया गया। इसके उपरान्त गौण अप्रार्थी सुनिल कुमार पुत्र हरचन्द राम ने प्रार्थीनी सं. 02 व 03 के साथ संयुक्त तौर पर न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश महोदय, क्रम सं. 01, राजगढ जिला चूरू मे उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन किया था, जिस पर न्यायालय ने दिनांक 23.02.2021 को गौण अप्र